20 मार्च, 2023

# ऐवियन इन्फ्लूएंज़ा के लिए मरे हुए जल पक्षियों का टेस्ट पॉजिटिव आया है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – पहले, प्रोफेसर्स लेक (Professor's Lake) और डनकैन वैली फोस्टर साउथ (Duncan Valley Foster South) के क्षेत्रों में पहले रिपोर्ट किए गए मरे हुए जल पक्षियों का ऐवियन इन्फ्लूएंज़ा (Avian Influenza) (बर्ड फ्लू) के लिए टेस्ट पॉजिटिव आया है।

टेस्ट हेतु नमूने, कैनेडियन वाइल्डलाइफ हेल्थ कोऑपरेटिव (सी. डब्लयू.एच.सी.) (Canadian Wildlife Health Cooperative) (CWHC) को भेजे गए थे, जहां मौत का कारण ऐवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) होने की पुष्टि हुई है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की एनिमल सर्विसिज (Animal Services) टीम, सक्रिय तौर पर स्थिति पर नजर रख रही है और सभी सरकारी साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है।

मनुष्यों में ऐवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) के फैलने का जोखिम बहुत ही कम है। इस समय आम लोगों को जोखिम बढ़ने का कोई संकेत नहीं है।

निवासियों और पालतू जानवरों के स्वास्थ्य और सुरक्षा में मदद के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, मरे हुए जल पक्षियों की बढ़ती गिनती के जवाब में नीचे दिए सुझाव प्रदान कर रही है।

पालतू जानवरों के मालिकों को निम्नलिखित सावधानियां बरतने के लिए कहा जा रहा है:

- जानवरों को किसी भी जल पक्षी या उसके मलमूत्र से दूर रखें
- जल पक्षी को भोजन न खिलाएं या किसी अन्य तरह से उसके पास न जाएं
- बिल्लियों को अंदर ही रखें
- कुत्तों को जंजीर से बांधकर रखें (जैसा कि म्युनिसिपल बाइ-लॉ के अंतर्गत जरूरी है)
- पालतू जानवरों (जैसे कि कुत्ते या बिल्लियां) को पक्षियों या पोल्ट्री से कोई भी कच्चा मांस न खिलाएं
- यदि पालतू पक्षियों को आमतौर पर अंदर नहीं रखते हैं, तो भी उन्हें अंदर ही रखें
- बैक्टीरिया संबंधी या वायरल संदूषण की संभावना को कम करने के लिए, पक्षियों के फीडर को बार-बार हटाना या साबुन और पानी से धोना चाहिए

इस समय, सभी पब्लिक जगहें, जहां मरे हुए जल पक्षी मिले हैं, जनता के लिए खुली हैं। लोगों को यह जानकारी देने के लिए साइन बोर्ड लगाए जाएंगे कि क्षेत्र में जल पक्षी, ऐवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) से संक्रमित हुआ हो सकता है।

यदि किसी को मरा हुआ जल पक्षी दिखाई दे, तो उन्हें 3-1-1 पर फोन करने के लिए कहा जा रहा है।

कैनेडियन गीज (Canadian Geese) के बारे में अधिक जानकारी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की वेबसाइट पर, यहां (here) प्राप्त की जा सकती है।

ऐवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) के बारे में अधिक जानकारी, कैनेडा सरकार की वेबसाइट पर, यहां (here) प्राप्त की जा सकती है।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca